Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to include Gwarpata, Gwar and Moth in the list of Minimum Support Price (MSP).

श्री राहुल कस्वां (चुरू): सभापति महोदय, देश में एमएसपी के तहत परचेजिंग के लिए करीब 26 नोटिफाइड क्रॉप्स हैं । मैं राजस्थान प्रदेश से चुन कर आया हूं । मेरा लोक सभा क्षेत्र चुरू है । हमारे यहां ग्वार की बहुत ज्यादा फसल होती है । पूरे हिन्दुस्तान में इसकी मैक्सिमम प्रोडक्शन राजस्थान में होती है । राजस्थान के चुरू, नागौर, बीकानेर और हनुमानगढ़ जिलों में इसकी मैक्सिमम पैदावार होती है । इंटरनेशनली, ग्वार गम की मांग रहती है ।

सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि ग्वार, मोठ और ग्वारपाठा राजस्थान की फसलें हैं, इनको भी एमएसपी में शामिल किया जाए । किसान बड़ी उम्मीद के साथ इन फसलों को बोते हैं । मार्केट में इनका भाव 15-20 हजार रुपए तक जाता है, लेकिन जब फसल कट कर आ जाती है, तो इनका भाव पांच हजार रुपए से नीचे आ जाता है । किसानों को हर बार घाटा होता है ।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि ग्वारपाठा, ग्वार और मोठ को एमएसपी में शामिल किया जाए ।